प्रादेशिक समाचार
दिनांक–09.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत, लोगों से किया इस अभियान को यादगार जन आंदोलन बनाने का आह्वान।

2- नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का रजत पदक जीता, हॉकी में भारतीय टीम ने 52 साल बाद लगातार दूसरा कांस्य पदक हासिल किया।

3- मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए आवेदन लिये जाने की तिथि दिसंबर तक बढ़ायी गयी, मुख्यमंत्री ने प्रगति रिपोर्ट पर जतायी नाराजगी।

4- विश्व आदिवासी दिवस पर रांची में आज से दो दिवसीय आदिवासी महोत्सव की हुई शुरुआत, देश भर की समृद्ध आदिवासी संस्कृति की दिखेगी झलक।

5- मौसम विभाग ने आज पूरे राज्य में बारिश की जतायी संभावना, गढ़वा, पलामू, लातेहार समेत छह जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट, वज्रपात की भी चेतावनी।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस 2024 से पहले आज हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की। श्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर अपनी पिक्चर की जगह तिरंगे की तस्वीर लगाकर 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने देशवासियों का आह्वान किया कि वे इस अभियान को यादगार जन आंदोलन बनाने में अपनी भूमिका निभायें। इससे पहले केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से अनुरोध किया कि वे अपने अपने घरों पर तिरंगा फहरायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें।

****

भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महात्मा गांधी के नेतृत्व में आंदोलन में भाग लेने वाले सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने भारत छोड़ो आंदोलन को स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण क्षण बताया है। इस अवसर पर एक वीडियो संदेश में अपने विचार साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता के लिए भारत के संघर्ष में भारत छोड़ो आंदोलन की महत्वपूर्ण भूमिका है।

****

पेरिस ओलंपिक खेलों में आज भारतीय एथलीट कुश्ती, एथलिटिक्स और गोल्फ में चुनौती पेश करेंगे। अमन सहरावत पुरुषों की 57 किलोग्राम भार वर्ग फ्री स्टाइल कुश्ती स्पर्धा में कांस्य पदक के लिए मैदान में उतरेंगे। इससे पहले भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने जहां सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ 89 दशमलव चार–पांच मीटर थ्रो करके पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीता। वहीं हॉकी टीम ने भारत को चौथा कांस्य पदक दिलाया।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीरज चोपड़ा और भारतीय पुरुष हॉकी टीम को बधाई दी है। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने भी इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में खेल के क्षेत्र में काफी प्रगति हुई है। श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री खिलाडियों को मोटिवेट करने का कोई मौका नहीं चूकते, जिसका साकारात्मक परिणाम दिखने लगा है।
इस बीच हॉकी इंडिया ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर पुरुष हॉकी टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 15 लाख रुपये और सहयोगी सदस्यों को साढे सात लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर मंईयां सम्मान योजना के लिए आवेदन लिये जाने की तिथि दिसंबर तक बढ़ा दी गयी है। राज्य की विभिन्न पंचायतों और वार्डों में 15 अगस्त तक विशेष कैंप लगाये जायेंगे। इसके बाद दिसंबर माह तक प्रज्ञा केंद्रों में आवेदन जमा लेने का सिलसिला जारी रहेगा। कल शाम तक राज्य में इस योजना से जुड़े करीब सात लाख आवेदन जमा हुए थे।

****

विश्व आदिवासी दिवस पर आज से रांची में आदिवासी महोत्सव की शुरुआत हो गयी है। इससे पहले 32 आदिवासी समुदायों द्वारा करमटोली चौक से बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। दो दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव के दौरान लोग देशभर के आदिवासियों की कला–संस्कृति से रुबरु होंगे।

****

चतरा जिले में कल से फाइलेरिया रोधी दवा सेवन अभियान चलाया जायेगा।

****

मौसम विभाग ने आज रांची समेत पूरे राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान जताया है। गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा जिले में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य के पश्चिमी हिस्से में साइक्लोनिक सर्कुलेशन का क्षेत्र बना हुआ है और इसी कारण कई इलाकों में भारी बारिश हो सकती है।

******समाप्त*******